कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
website - tribal.cg.gov.in ☎ - 2263708 Fax - 2262558 E mail -

क्रमांक / EMRS / K-39 / 2025–26 / 11055 नवा रायपुर, दिनांक 6 / 1 / 2026

# छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026–27 के लिये कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा की सूचना

——000——

भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु दिनांक 08.01.2026 से ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ किया गया है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) नई दिल्ली द्वारा जारी प्रवेश दिशा–निर्देश 2026–27 का अवलोकन करते हुये प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन एकलव्य विद्यालयों की वेबसाईट eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ की तिथि | दिनांक 08 जनवरी 2026 से |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | दिनांक 07 फरवरी 2026 |
| 3 | ऑनलाईन भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार की तिथि | दिनांक 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 |
| 4 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | दिनांक 01 मार्च 2026 |

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ, नवा रायपुर अटल नगर